>

Title: Regarding drinking water problem in Rajsamand Parliamentary Constituency, Rajasthan-laid

सुश्री दिया कुमारी (राजसमन्द) : मै सरकार का ध्यान मेरे लोकसभा क्षेत्र राजसमंद की पेयजल संबंधी समस्या की ओर आकर्षित करना चाहती हूं ।

मेवाड़ क्षेत्र में सरकार द्वारा पेयजल की आपूर्ति के लिए चम्बल भीलवाड़ा परियोजना शुरू की गई । इस योजना से भीलवाड़ा व उसके आस-पास के क्षेत्र में पेयजल की आपूर्ति की जाने की योजना है । इस योजना से मेरे संसदीय क्षेत्र राजसमंद के भीम व देवगढ़ तहसील के कुछ गांवों को भी जोड़ा गया है ।

चम्बल नदी में पानी की पर्याप्त आवक को देखते हुए उक्त परियोजना का संवर्द्धन कर बाकी गांवों को भी पेयजल आपूर्ति से जोड़ा जा सकता है ।

अतः मेरा माननीय जल शक्ति मंत्री महोदय से निवेदन है कि चम्बल-भीलवाड़ा परियोजना फेज-2 पैकेज-1 का संवर्द्धन कर राजसमंद जिले की भीम और देवगढ़ तहसील के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल की आपूर्ति कराने की कृपा करें ।